आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-120 कटनी ● बुधवार, 2 जून, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष -7 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

### रामदेव ने अब ज्योतिष पर साधा निशाना



एलोपैथी के बाद अब बाबा रामदेव ने ज्योतिष पर निशाना साधा है। योग गुरु स्वामी रामदेव ने कहा कि सारे मुहूर्त भगवान ने बना रखे हैं। ज्योतिषी काल, घड़ी, मुहूर्त के नाम पर बहकाते रहते हैं। यह भी पूरे एक लाख करोड़ की इंडस्ट्री है। बैठे-बैठे ही किस्मत बताते हैं। जब मोदी जी ने पांच सौ और एक हजार के नोट बंद किए तो किसी को पता नहीं चला। किसी ज्योतिषी ने यह भी नहीं बताया कि कोरोना आने वाला है। किसी ने नहीं बताया कि इसके बाद ब्लैक फंगस भी आने वाला है।

### एप में टीकाकरण का स्टेटस दिखेगा

लोगों की सुविधा के अनुसार आईटी और इलेक्ट्रॉनिक मंत्रालय कोरोना से जुड़े सरकारी ऐप में अपडेट करता रहता है। अब कोई भी आरोग्य सेतु ऐप से कोरोना वैक्सीनेशन का स्टेट्स भी पता कर सकता हैं। जिन लोगों ने टीके की दोनों खुराक ले ली हैं उन्हें ऐप के होम पेज पर ब्लू शिल्ड मिलेगा। आरोग्य सेतु के उपयोगकर्ताओं और दो ब्लू टिक के साथ ये ब्लू शिल्ड दिखाई देगा। ये सुविधा लोग टीके की दूसरी खुराक के 14 दिन के बाद ही देख पाएंगे।

# फिर बढ़े कोरोना मरीज, मौत भी ज्यादा



## भारत में कोरोना के कुल मामले 2.83 करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना की दूसरी लहर ने जमकर तबाही मचाई है। हालांकि, अब भारत में कोरोना की दूसरी लह थम चुकी है और रोजाना 1.5 लाख से कम नए मामले सामने आ रहे हैं। ऐक्टिव केसों की संख्या 18 लाख से कम है, लेकिन मरीजों की मौतों का आंकड़ा फिर 3 हजार के पार जा चुका है। इसके बाद कोरोना की तीसरी लहर की आशंका जताई जा रही है। इस महामारी के चलते सीबीएसई की 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं रद्द कर दी गई हैं। राज्यों ने भी केन्द्र के इस निर्णय का स्वागत किया। राज्यों का कहना था कि विद्यार्थियों और अध्यापकों की सुरक्षा के लिए इसकी जरूरत थी। श्रमिकों और अनौपचारिक क्षेत्र के प्रवासी मजदूरों पर पड़े प्रतिकूल प्रभावों को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने विभिन्न मंत्रालयों एवं राज्यों को और परामर्श जारी किए हैं। भारत में अब तक कोरोना के कुल 2,83,07,832 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें से 2,61,79,085 लोग ठीक हो चुके हैं, जबकि जिनमें 17,93,645 मरीज अभी भी कोरोना से लड़ रहे हैं। वहीं, 3,35,102 लोगों की कोरोना मौत हो चुकी है। भारत में एक बार फिर कोरोना के नए मामलों में तेजी आई है। बीते 24 घंटे में कोरोना के 1,32,788 नए केस आए हैं और 3207 लोगों की मौत हुई है। इस दौरान 2,31,456 लोग कोरोना से ठीक भी हुए हैं। केंद्र सरकार का कहना है कि जुलाई या अगस्त की शुरुआत तक कोविड-19 के पर्याप्त टीके उपलब्ध होंगे। इसके बाद रोजाना एक करोड़ लोगों को टीका लगाया जा सकेगा। टीके की कमी नहीं है, लेकिन देश की बड़ी आबादी को देखते हुए धैर्य बनाए रखने की जरूरत है। केन्द्र सरकार ने यह भी कहा कि कोरोना की दूसरी लहर का कहर कम हुआ है। जांच बढ़ाकर और जिला स्तर पर निरूद्ध क्षेत्र बनाकर कोरोना के नए मामलों में और कमी लाई जा सकती है।

# सिलेंडर फटा, 3 बच्चों सहित 8 की मौत

## यूपी के गोंडा में हादसा



**लखनऊ।** मंगलवार रात उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में एक भयावह घटना घटित हुई। हादसा इतना बड़ा था कि इसकी आवाज से पूरा वजीर गंज इलाका कांप उठा। दरअसल यूपी के गोंडा जिले में टिकरी गांव के एक घर में गैस सिलेंडर फटने से बड़ा होदसा हो गया जिसमें 8 लोगों की मौत हो गई। हादसा इतना बड़ा था कि विस्फोट की धमक पूरे इलाके में गूंज उठी। इस हादसे में 14 लोगों को बचाया गया है और 7 घायल लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

खबर है कि मंगलवार रात उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में वजीर गंज इलाके के टिकरी गांव के एक घर में सिलेंडर के फटने से बड़ा विस्फोट हुआ जिसमें 8 लोगों की मौत हो गई एवं 7 लोगो को गंभीर हालत में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। घटना की जानकारी मिलने के तुरंत बाद जिले के प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि मौके पर बचाव कार्य जारी है एवं सम्पूर्ण मामले की जांच की जा रही हैं। पुलिस को आशंका है कि विस्फोट के दौरान मलबे में और लोग भी हो सकते हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गांव के जिस घर में यह विस्फोट हुआ है उसके मालिक के पास पटाखा बनाने का लाइसेंस भी था। घटना की जानकारी जैसे ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंचे तो उन्होंने भी गैस सिलेंडर में विस्फोट की दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया।

## फटाफट खबरें



### चलती ट्रेन में इंदौर की युवती की हत्या में वेंडर का नाम सामने आया!

**इंदौर।** इंदौर से बिलासपुर जा रही नर्मदा एक्सप्रेस में मंगलवार रात को हुई एक युवती मुस्कान हाड़ा (27) की सनसनीखेज हत्या के आरोपित तक पुलिस पहुंच गई है। इस घटना में वेंडर सागर सोनी का नाम सामने आया है। वेंडर और युवती एक-दूसरे से परिचित है तथा इसी कारण युवती अपने पति से अलग रह रही थी। बिलासपुर एक्सप्रेस में मुस्कान हाड़ा नामक युवती की हत्या हुई है। फ़िलहाल संदेह के तौर पर इंदौर के सागर सोनी को पुलिस ने हिरासत में लिया है। जल्द ही घटना का सच सामने आ जाएगा।

### मप्र में बोर्ड बारहवीं की परीक्षा को लेकर आज होगा निर्णय

**भोपाल ।** उमप्र बोर्ड बारहवीं की परीक्षा को लेकर क्या होगा सवाल सभी के मन में है। मप्र बोर्ड दसवीं की परीक्षा रद कर दी गई है और बारहवीं की परीक्षा की तिथि घोषित करने को लेकर जल्द ही निर्णय होने वाला था, लेकिन सीबीएसई 12वीं की परीक्षा रद होने के बाद अब मप्र बोर्ड भी परीक्षा को लेकर विचार करेगा। बुधवार को 12वीं परीक्षा को लेकर स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री अधिकारियों के साथ बैठक लेंगे।

### सीबीएसई छात्र असंतुष्ट होने पर दे सकेंगे परीक्षा

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री के फैसले के बाद सीबीएसई ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर एक अधिसूचना जारी की है। इसके मुताबिक कक्षा दसवीं बोर्ड की तरह कक्षा बारहवीं के लिए भी ऑब्जेक्टिव क्राइटेरिया तैयार किया जाएगा। अगर कोई विद्यार्थी आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर तैयार किए गए परिणाम से संतुष्ट नहीं है, तो उसे परीक्षा देने का एक अवसर भी दिया जाएगा। स्थिति अनुकूल होने पर सीबीएसई द्वारा सभी विद्यार्थियों को परीक्षा देने का विकल्प दिया जाएगा। विभाग में एक दूसरे के खिलाफ अब तक 10 से ज्यादा शिकायतें हो चुकी हैं। सीबीएसई बारहवीं बोर्ड परीक्षा रद्द होने के बाद अब अभिभावकों और विद्यार्थियों को परिणाम का इंतजार है। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सीबीएसई के अधिकारी ने यह स्पष्ट किया है कि अभी मूल्यांकन मानदंड तैयार करने में समय लग सकता है।

## डब्ल्यूएचओ ने कहा कि डेल्टा ही चिंता का विषय

# राहत भरी खबरः अब कोरोना का सिर्फ एक वैरिएंट ही घातक



**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना महामारी की दूसरी लहर के बीच राहत की खबर मिली है। दरअसल, भारत में मिले कोरोना वायरस के वैरिएंट के खतरे को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि डेल्टा का अब सिर्फ एक वैरिएंट ही चिंता का विषय है, जबकि बाकी दो स्ट्रेन का खतरा कम हो गया है। कोरोना के इस वेरिएंट को बी1.617 के नाम से जाना जाता है। इसकी वजह से भारत में कोरोना की दूसरी लहर में भारी तबाही देखने को मिली। यह ट्रिपल म्यूटेंट वैरिएंट है क्योंकि यह तीन प्रजातियों (लिनिएज) में है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मंगलवार को कहा कि सबसे पहले भारत में मिले कोविड-19 का डेल्टा वैरिएंट का अब बस एक स्ट्रेन ही अब चिंता का विषय है, जबकि बाकी दो स्ट्रेन का खतरा कम हो गया है। कोरोना के इस वैरिएंट को बी.1.617 नाम से जाना जाता है। इसके तीन वैरिएंट बी.1.617.1, बी.1.617.2 और बी.1.617.3 हैं।

बता दें कि बीते महीने विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना के इस वैरिएंट के पूरे स्ट्रेन को वेरिएंट ऑफ कंसर्न यानी चिंता वाला वैरिएंट बताया था। इस पर भारत सरकार ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी। वहीं अब डब्ल्यूएचओ ने कहा कि इसका बस एक सब लिनिएज ही अब चिंता का विषय है। यानी बी.1.617 वेरिएंट के तीन स्ट्रेन में से बस एक स्ट्रेन चिंता का विषय है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि अब बड़े स्तर पर पब्लिक हेल्थ के लिए बी.1.617.2 ही अब चिंता का सबब है, जबकि बाकी के दो स्वरूप में संक्रमण फैलाने की दर बहुत कम है। डब्ल्यूएचओ में कहा गया कि बी.1.617.2 अब भी वीओसी है और हम इससे संक्रमण फैलने की बढ़ती दर और इस स्वरूप से कई देशों में बढ़ते संक्रमण के मामलों पर नजर रख रहे हैं। इस स्वरूप के असर पर अध्ययन डब्ल्यूएचओ के लिए उच्च प्राथमिकता है।


### कोरोना के वैरिएंट का किया नामकरण

डब्ल्यूएचओ ने सोमवार को कोविड-19 के अहम स्वरूपों को नाम देने के लिए नई प्रणाली की घोषणा की और ये नाम ग्रीक वर्णमाला (जैसे कि अल्फा, बीटा, गामा आदि) पर आधारित हैं, जिससे इन्हें नाम देना और याद रखना आसान हो गया है।

डब्ल्यूएचओ ने अपने बयान में कहा कि भारत में पिछले हफ्ते कोविड-19 के 13,64,668 नए मामले आए जो पिछले हफ्तों के मुकाबले 26 फीसदी कम हैं। ब्राजील में 420,981, अर्जेंटीना में 219,910, अमेरिका में 153,587 और कोलंबिया में 150,517 नए मामले आए। दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में 15 लाख से अधिक नए मामले सामने आए और 29,000 से अधिक लोगों की मौत हुई जो पिछले हफ्ते के मुकाबले क्रमशः 24 फीसदी और आठ फीसदी कम हैं। बयान में कहा गया कि संक्रमण के मामलों में लगातार तीसरे हफ्ते कमी आई है और मार्च 2021 की शुरुआत के बाद से मौत के मामले पहली बार कम हुए हैं। दक्षिण एशिया क्षेत्र में सबसे अधिक मौत भारत में हुई।

# सर्च इंजन पर लागू नहीं होते भारत सरकार के नए कानून

## दिल्ली हाई कोर्ट पहुंचा गूगल, केन्द्र को नोटिस



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म के लिए भारत सरकार की नई गाइडलाइन लागू हो गई है। कुछ दिनों तक हुए बवाल के बाद सभी सोशल मीडिया कंपनियों ने नए नियम को अपने प्लेटफॉर्म पर लागू कर लिया है। इसी बीच गूगल ने कहा है कि भारत सरकार के नए नियम सर्च इंजन पर लागू नहीं होते हैं। गूगल ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए कहा है कि उसके मामले को अलग से देखा जाए। गूगल ने अपनी याचिका में कहा है कि वह एक सर्च इंजन है ना कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, इसलिए उसके ऊपर नए कानून लागू नहीं होते। गूगल की इस याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार से जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 27 जुलाई को होगी। गूगल ने दिल्ली हाई कोर्ट में एकल न्यायाधीश के इस आदेश को रद्द करने की मांग की है जिसके तहत इंटरनेट से आपत्तिजनक सामग्री को हटाने को कहा गया है। एकल न्यायाधीश की पीठ ने उस मामले की सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया था, जिसमें एक महिला की तस्वीरें कुछ बदमाशों ने अश्लील (पॉनग्रैफिक) सामग्री दिखाने वाली एक वेबसाइट पर अपलोड कर दी थीं और उन्हें अदालत के आदेशों के बावजूद वर्ल्ड वाइड वेब से पूरी तरह हटाया नहीं जा सका था एवं इन तस्वीरों को अन्य साइट पर फिर से पोस्ट किया गया था।

## बड़ा खुलासा



### एंटीगुआ के पीएम ने मेहुल को भेजी थी चिट्ठी

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक घोटाले का आरोपी और भगोड़ा कारोबारी मेहुल चोकसी मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। जहां एक ओर एंटीगुआ के प्रधानमंत्री गैस्टन ब्राउने की एक चिट्ठी सामने आई है, जिसमें कहा गया है कि मेहुल ने नागरिकता से संबंधित जानकारी छिपाई थी। वहीं दूसरी ओर एक क रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मेहुल चोकसी के बड़े भाई ने मामले को रफा दफा करने के लिए डोमिनिका के विपक्षी नेता को मोटी रकम दी। 14 अक्तूबर, 2019 को लिखे पत्र में ब्राउने ने लिखा था, मैं एंटीगुआ और बारबुडा नागरिकता अधिनियम, कैप 22 की धारा 8 के मुताबिक एक आदेश देने का प्रस्ताव करता हूं ताकि आपको सामग्री तथ्यों को जानबूझकर छिपाने के आधार पर एंटीगुआ और बारबुडा की नागरिकता से वंचित किया जा सके।

## कमलनाथ से आज होंगे पेनड्राइव पर सवाल



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ से आज एसआईटी पूछताछ करेगी। हनीट्रैप की पेन ड्राइव अपने पास होने वाले बयान को लेकर एसआईटी ने पिछले दिनों उन्हें नोटिस जारी किया था। मध्यप्रदेश में हनीट्रैप की जांच कर रही एसआईटी ने श्यामला हिल्स स्थित उनके आवास पर बुधवार को पूछताछ के लिए रहने को कहा था। एसआईटी दोपहर 12 बजे के बाद उनसे पूछताछ करेगी। साथ ही एसआईटी ने कमलनाथ से पेन ड्राइव की भी मांग की । हालांकि एसआईटी के नोटिस के बाद कमलनाथ ने कहा कि उनके पास हनीट्रैप की कोई पेन ड्राइव मौजूद नहीं है। गौरतलब है कि कांग्रेस नेता पूर्व मंत्री उमंग सिंघार की महिला मित्र ने भोपाल में खुदकुशी कर ली थी। वो मोहाली की रहने वाली थी। बताया जा रहा था कि कुछ दिनों बाद वो उससे शादी करने के वाले थे। खुदकुशी के अगले दिन पुलिस ने उमंग सिंघार के ऊपर केस दर्ज कर लिया था। उसके बाद कमलनाथ ने उनका बचाव करते हुए कहा था कि उनके पास भी हनीट्रैप की पेन ड्राइव है। उनके कहने का मतलब था कि भाजपा नेताओं के हनीट्रैप वाला वीडियो उनके पास भी मौजूद है।


## गेहूं से भरी लोडिंग पलटी, पांच की मौत



**ग्वालियर।** ग्वालियर झांसी हाइवे पर जौरासी के पास गेहूं से भरी लोडिंग पलटने से 5 लोगों की मौत हो गई। साथ ही 5 लोग घायल हो गए हैं। लोडिंग वाहन में गेहूं के कट्टे भरे हुए थे और उस में लोग भी सवार थे। अनियंत्रित होने से लोडिंग वाहन पलट गया और हादसे का सबब बन गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी और हादसे में घायल हुए लोगों को तत्काल इलाज के लिए ग्वालियर भेजा गया। मृतकों में एक ही परिवार के तीन लोग शामिल हैं। जिनमें दो बच्चे हैं।

## पेंशन नियमों में बदलाव

### बगैर मंजूरी कुछ लिखा तो रुकेगी पेंशन



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार अब ऐसे रिटायर अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने का मुड बना चुकी है, देश के खुफिया व सुरक्षा संबंधित संगठनों से हैं और बगैर सरकार की अनुमति के कुछ भी सूचनाएं प्रकाशित कर देते हैं। अब खुफिया या सुरक्षा से संबंधित संगठनों से सेवानिवृ?त अधिकारी बगैर सरकार की अनुमति के कुछ भी प्रकाशित नहीं कर सकेंगे। खुफिया विभाग व सैन्य संगठन से जुड़े रिटायर अधिकारी अगर कोई सामग्री प्रकाशित करना चाहते हैं तो उन्हें सबसे पहले सरकार से अनुमति लेना जरूरी है। इसके बाद ही इसके प्रकाशित होने पर कोई निर्णय लिया जाएगा। केंद्र सरकार ने हाल ही सिविल सेवकों के लिए पेंशन के नियमों में एक बड़ा बदलाव कर दिया है। नए नियमों के मुताबिक अगर इन संगठनों से जुड़ा कोई रिटायर अधिकारी बगैर अनुमति के कोई खुफिया जानकारी प्रकाशित करता है तो उसकी पेंशन रोक दी जाएगी। सरकार के इस फैसले के पीछ आंतरिक सुरक्षा का हवाला दिया गया है।

#### देश की सुरक्षा या सम्मान को ठेस न पहुंचे

नए नियम के मुताबिक किसी भी खुफिया या सुरक्षा से संबंधित संगठन के अधिकारियों को यदि कुछ लिखना है, तो उसमें कोई भी संवेदनशील या ऐसी जानकारी नहीं होनी चाहिए, जिससे देश की सुरक्षा या सम्मान को ठेस पहुंचे। ऐसे में अधिकारी को कुछ भी ऐसा लिखने से पहले एक अंडरटेकिंग देनी होगी कि वह सेवा में रहते हुए या सेवानिवृत्ति के बाद अपने विभाग से संबंधित कोई भी जानकारी सावर्जनिक रूप से प्रकाशित नहीं करेगा। अगर कोई रिटायर अधिकारी ऐसा काम करता है तो उसे नियम विरुद्ध माना जाएगा और पेंशन रोक दी जाएगी।

## सहायक जेल अधीक्षक की गुहार

### मरने के पहले मिल जाएं पैसे तो बच्चे अनाथ होने से बच जाएंगे



**लुधियाना ।** केंद्रीय जेल लुधियाना में बतौर सहायक अधीक्षक तैनात हरजिंदर सिंह के कोरोना संक्रमण के चलते दोनों फेफड़े खराब हो चुके हैं। उन्हें फेफड़े ट्रांसप्लांट करवाना होगा। इस पर लगभग 80 लाख रुपये खर्च होंगे। पीड़ित हरजिंदर सिंह ने मुख्यमंत्री के नाम पर एक पत्र भेजा, इसमें उन्होंने कहा कि जो पैसा परिवार को मेरे मरने के बाद मिलेगा, अगर वहीं पैसा इस समय मिल जाए तो उसके बच्चे अनाथ होने से बच सकते हैं। इस जंग में हरजिंदर सिंह का साथ देने गई पूर्व पुलिस अधिकारी भी उतर आए हैं।

## कोतवाल मनाते रहे जन्मदिन इनामी डकैत हो गया फरार



**सतना।** जिले के बरौंधा थाना में एक आरक्षक का जन्मदिन मनाने में थाना प्रभारी इतने मशगूल हो गए कि थाने में पुलिस गिरफ्त से 20 हजार के इनामी डकैत अर्जुन सिंह परिहार का साथी अजय पाल भाग गया। यह घटना मंगलवार देर शाम की बताई जा रही है। इसके बाद से ही पुलिस बल जंगलों की खाक छान रहा है। पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के अनुसार बीते लगभग एक साल से एमपी और यूपी की सीमा में सक्रिय डकैत के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान मिले सुरागों के आधार पर बांदा जिले के बदौसा थाना अंतर्गत टेरा - महुटा निवासी अजय पाल समेत दो लोगों को 30 मई की शाम सीमावर्ती जंगलों से पकड़ा गया था। इन्हें थाने लाकर अन्य के बारे में बताया जा रहा है कि गिरफ्त में आए आरोपित पूछताछ की जा रही थी। इसी दौरान मंगलवार शाम को जब थाना प्रभारी व अन्य पुलिस स्टाफ आरक्षक का जन्मदिन मना रहे थे वे अन्य कामों में व्यस्त थे तभी आरोपित अजय पाल थाने से फरार हो गया। आरक्षक के जन्मदिन मनाने की तस्वीर भी इंटरनेट मीडिया में वायरल हो रही है।डकैत गिरोह के साथी के गायब होने की सूचना पता चलते ही फौरन सचिंग शुरू की गई। मगर देर रात तक उसका कुछ पता नहीं चला।

# विदेशी टीका कंपनियों को भारत में ट्रायल करने से मिली छूट

**नई दिल्ली ।** कोरोना की दूसरी लहर और बढ़ते मामलों के खतरे को देखते हुए सरकार सिर्फ वैक्सीनेशन की रफ्तार को बढ़ाने पर जोर दे रही है। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा वैक्सीन कंपनियों का भारत में होना जरूरी है। इसलिए टीकाकरण की रफ्तार को बढ़ाने के लिए डीसीजीआई ने एक बड़ा फैसला लिया है।

### नहीं होगा अलग से स्थानीय ट्रायल

भारतीय दवा नियामक कंपनी यानी डीसीजीआई ने अब फाइजर और मॉडर्ना कंपनी को जल्द से जल्द भारत लाने के लिए इनके अलग से ट्रायल कराने की शर्तों को हटा दिया है। आसान भाषा में समझें तो जिन वैक्सीन को अमेरिकी एफडीए और विश्व स्वास्थ्य संगठन से आपातकालीन इस्तेमाल की मंजूरी मिल गई है, उन्हें भारत में अलग से ट्रायल प्रक्रिया से नहीं गुजरना होगा। बता दें कि अभी तक किसी भी विदेशी कंपनी को भारत में कोरोना वायरस रोधी टीका शुरू करने से पहले ब्रिजिंग ट्रायल करना होता था। इसमें सीमित संख्या में स्थानीय स्वयंसेवकों पर टीके की प्रभावकारिता और सुरक्षा को परखा जाता है, जिससे अब कंपनियों को छूट मिल गई है।




### दवा नियामक कंपनी ने जारी किया नोटिस

डीसीजीआई के अध्यक्ष वीजी सोमानी ने नोटिस जारी कर इस बात की जानकारी दी है। बता दें कि फाइजर और मॉडर्ना वो विदेशी वैक्सीन कंपनियां है, जिन्होंने सरकार से क्षतिपूर्ति और भारत में अलग से ट्रायल को लेकर छूट की मांग की थी। हालांकि भारत सरकार ने क्षतिपूर्ति पर कोई फैसला नहीं दिया है लेकिन अलग से ट्रायल ना कराने वाली बात मान ली है।

### लाखों लोगों पर इस्तेमाल होने वाली वैक्सीन को मिलेगी छूट

डीसीजीआई ने कहा कि ऐसे टीकों को मंजूरी दी जाती है जो अमेरिकी एफडीए, ईएमए, यूके एमएचआरए, पीएमडीए जापान द्वारा स्वीकृत हैं या डब्ल्यूएचओ के आपात इस्तेमाल सूची में सूचीबद्ध हैं और जिनका इस्तेमाल पहले ही लाखों लोगों पर किया जा चुका है। सीडीएल, कसौली द्वारा टीके की जांच करने तथा ब्रिजिंग ट्रायल से छूट दी जा सकती है।

### दिसंबर 2021 तक सभी व्यस्कों को टीका लगाने का दावा


हालांकि नोटिस में कहा गया है कि इन टीके के पहले 100 लाभार्थियों पर सुरक्षा के मद्देनजर सात दिन तक निगरानी करनी होगी। बता दें कि सरकार ने दावा किया है कि वो जुलाई-अगस्त तक हर दिन एक करोड़ लोगों को कोरोना की वैक्सीन लगाएगी और दिसंबर 2021 तक देश की व्यस्क आबादी का टीकाकरण पूरा हो जाएगा। हालांकि इस लक्ष्य को पूरा करने में सबसे बड़ी बाधा वैक्सीन की कमी है। ऐसे में विदेशी टीकों के आयात से वैक्सीन की कमी को पूरा किया जा सकता है।



# व्यवस्थाएं रहें दुरुस्त, कलेक्टर और एसपी ने संभाला मोर्चा

## कोरोना कर्फ्यू के बाद जिला अनलॉक, प्रारंभ हुई आर्थिक गतिविधियां,अलसुबह से प्रशासन की टीम फील्ड पर रही मौजूद





### कलेक्टर ने किया व्यापारियों से संवाद

शहर भ्रमण के दौरान कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने व्यापारियों से संवाद भी किया। उन्होने अनलॉक को लेकर जारी आदेश की जानकारी ली और उनका फीडबैक प्राप्त किया। उनकी शंकाओं और समस्याओं का निदान भी किया। इस दौरान श्री मिश्रा ने सभी व्यवसायियों से कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन कराने की बात कही। उन्होने कहा कि आपकी, हम सबकी सुरक्षा के लिये जरुरी है कि हम कोरोना अनुकूल व्यवहार का सख्ती से पालन करें। व्यवस्थित ढंग से मास्क पहनें, सोशल डिस्टेन्सिंग अपनायें और बार-बार हाथ धोयें।

### हमें आपकी चिन्ता

फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड में सब्जी व्यवसायियों के लिये की गई व्यवस्थाओं का जायजा भी कलेक्टर और एसपी ने लिया। इस दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने सब्जी दुकानदारों से संवाद भी किया। उन्होने कहा कि शासन-प्रशासन को आपकी चिन्ता है। इसलिये हमने आपके लिये प्राथमिकता पर ऑनसाईट पंजीयन कराकर आपका वेक्सीनेशन कैम्प कराया है। अब आपकी जिम्मेदारी है कि आप कोविड अनुकूल व्यवहार को अपनाते हुये दुकानों का संचालन करें।

## अधिकारियों ने व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के संचालकों से भी किया संवाद,कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन सुनिश्चित करने की दी समझाइश

**कटनी।** कोरोना संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिये जिले में कोरोना कर्फ्यू लगाया था। 55 दिन के कोरोना कर्फ्यू के बाद मंगलवार को जिले में आर्थिक गतिविधियां प्रारंभ हुईं। गृह विभाग एवं जिला क्राईसिस मैनेजमेन्ट ग्रुप, ब्लॉक, ग्राम एवं वॉर्डस्तरीय क्राईसिस मैनेजमेन्ट ग्रुप के सुझाव के आधार पर जिले के लिये विस्तृत कार्ययोजा बनाकर अनलॉक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। नगर निगम क्षेत्र में पाजीटिविटी रेट पांच प्रतिशत से कम होने पर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने गृह विभाग के निर्देशों के तहत 50 प्रतिशत दुकानों को खोलने के आदेश दिये थे। जिसकी डिटेल्ड कार्ययोजना नगर निगम द्वारा तैयार की गई। जिसके अनुसार मंगलवार को नगर निगम क्षेत्र में भी आर्थिक गतिविधयां प्रारंभ हुईं। अनलॉक में व्यवस्थायें दुरुस्त रहें, इसके लिये कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने सोमवार को ही पुलिस और प्रशासनिक अमले को निर्देशित किया था। इसके मद्धेनजर मंगलवार की सुबह से ही राजस्व, पुलिस और नगर निगम की टीम फील्ड पर मुस्तैदी से जुटी रही। नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र में निर्धारित किये गये स्थानों पर ही फ्ल, सब्जी की दुकानें खुलीं। नगर निगम क्षेत्र में व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के खुलने और बंद होने को लेकर जारी किये गये निर्देशों का पालन भी व्यवसायियों द्वारा किया गया।

### कलेक्टर और एसपी ने संभाली कमान

अनलॉक का पालन कड़ाई से हो, सभी कोरोना अनुकूल व्यवहार का पालन करें, यह अपील कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई। मंगलवार को सुबह 11 बजे से कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने नगर निगम क्षेत्र की कमान संभाली। दोनों ही वरिष्ठ अधिकारियों ने फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड, माधवनगर, मिशन चौक, झण्डा बाजार, गोल बाजार, सुभाष चौक मार्केट, रेल्वे स्टेशन तिराहा मार्केट, गर्ग चौराहा मार्केट, घंटाघर क्षेत्र, सराफा बाजार सहित शहर के अन्य हिस्सों का विजिट किया। साथ ही सक्रियता के साथ जारी आदेशों का पालन कराने के निर्देश प्रशासनिक अमले को दिये।

### भ्रम किया दूर, सुनी समस्यायें, किया निराकरण

नगर निगम क्षेत्र में दुकानों के संचालन को लेकर कुछ स्थानों पर भ्रम की स्थिति बनी। जिस पर तुरंत अपर कलेक्टर रोहित सिसोनिया और एएसपी संदीप मिश्रा ने मोर्चा संभाला। दोनों ही अधिकारियों ने गृह विभाग के दिशा-निर्देशों की जानकारी व्यापारियों को दी। उनकी समस्यायें सुनीं, उन्हें समझाईश दी और व्यवस्थाओं में सहयोग करने की अपील भी की। जिसके सार्थक परिणाम भी सामने आये। व्यापारियों ने जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत अपनी दुकानों का संचालन प्रारंभ किया।

### सब्जी, फल व्यवसाईयों के लिए छाया की व्यवस्था करने के दिये निर्देश

नगर पालिक निगम कटनी सीमान्तर्गत सब्जी, फ्ल, फूल, आदि व्यवसाय के संचालन व नागरिकों की सुविधा के लिये चिन्हित थोक सब्जी मंडी स्थलों, फुटकर सब्जी बाजार, फुटकर सब्जी एवं फ्ल बाजार, फुटकर सब्जी एवं थोक फ्ल बाजार सहित फुटकर फ्ल बाजार हांथ ठेला के चिन्हित स्थलों की व्यवस्था की गई हैं जिसका जायजा मंगलवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड स्थित सब्जी मण्डी पहुंचकर लिया। निरीक्षण के दौरान फारेस्टर प्लेग्राउण्ड में नागरिकों के आवागमन एवं सोशल डिस्टेंसिंग की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए फुटकर सब्जी एवं थोक फ्ल विक्रेताओं द्वारा प्रवेश द्वार के पास से व्यवसाय संचालित न कराने, व्यवसाईयों की सुविधा हेतु साईड से शीट या पन्नी लगाकर छाया की व्यवस्था कर दुकानों को संचालित कराने के निर्देश कलेक्टर ने निगम के अमले को दिये। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सब्जी मण्डी स्थल पर उपस्थित सब्जी व्यवसाईयों से चर्चा भी की। इस दौरान उन्होने संक्रमण से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंसिंग के साथ व्यवसाय कर स्वयं को सुरक्षित रखने की समझाईश दी। उन्होने कहा कि नगर के समस्त सब्जी, फ्ल, हांथ ठेला व्यवसाईयों को शासन द्वारा वेक्सीनेशन की सुविधा प्रदान की गई है। संक्रमण से बचाव के लिये आपको मास्क भी उपलब्ध कराये जा रहे हैं। आप सुरक्षित होकर अपना व्यवसाय कर सके इसके लिये ही नगर के विभिन्न स्थलों को चिन्हित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों के तहत नियमानुसार ही अपना व्यवसाय करें।विजिट के दौरान अपर कलेक्टर रोहित सिसोनिया, आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे, एस.डी.एम बलवीर रमन, सी.एस.पी शशिकांत शुक्ला व अन्य अधिकारियों भी मौजूद रहे।

### माधवनगर भी पहुंचे कलेक्टर और एसपी

सम्पूर्ण शहरी क्षेत्र के साथ ही अपने विजिट पर कलेक्टर और एसपी माधवनगर पहुंचे। जहां दोनों ही अधिकारियों मार्केट क्षेत्र का जायजा लिया। साथ ही दुकानों के संचालकों से बात की। उनसे प्रतिक्रियायें लीं। साथ ही संचालकों को अनिवार्य रुप से कोविड गाईड लाईन का पालन करने, मास्क का उपयोग करने तथा हाथों को समय समय पर साफ करते रहने के संबंध में भी समझाईश दी। इस दौरान कलेक्टर ने व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में आने वाले ग्राहकों को भी कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन सुनिश्चित कराने के लिये निर्देशित किया। इस दौरान आयुक्त नगर निगम सत्येन्द्र सिंह धाकरे, एस.डी.एम बलवीर रमन, सी.एस.पी शशिकांत शुक्ला व अन्य अधिकारियों भी मौजूद रहे।



# चिकित्सकों का मनोबल तोड़ने वाला गैर जिम्मेदार बयान बेहद निंदनीय

**कटनी।** बाबा रामदेव द्वारा एलोपैथी मार्डन मेडिकल सिस्टम चिकित्सा के विरोध में दिए गए अमर्यादित व्यक्तव्य के विरोध इंडियन मेडिकल काउंसिल और सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर्स विंग द्वारा 1 जून को अखिल भारतीय विरोध दिवस के रूप में मनाने का आह्वान किया। जिसके अन्तर्गत स्थानीय जिला चिकित्सालय में आईएमए की कटनी शाखा द्वारा काली पट्टी लगाकर चिकित्सकों की आहत करने वाले बयान का विरोध किया। इस सक्रमण काल मे सभी चिकित्सकों व नर्सिंग स्टॉफ ने अपना तन-मन लगाकर मरीजों की जान बचाई ऐसे समय में देश के एक जिम्मेदार नागरिक द्वारा चिकित्सकों का मनोबल तोड़ने वाला गैर जिम्मेदार बयान देना बेहद निंदनीय है।आई एम ए कटनी के अध्यक्ष डॉ. हरीश बजाज, डॉ. खण्डेलवाल, डॉ यशवंत वर्मा, डॉ नरेन्द्र झमनानी, डॉ. पी डी सोनी, डॉ. नवीन कर्ण, डॉ. मनीष गट्टानी, डॉ. सुषमा गट्टानी, डॉ दीपक सक्सेना. डॉ. शोभना सक्सेना, डॉ. कमल नयन लहरिया, डॉ. शोभित चौदहा, संरक्षक डॉ. अशोक चौदहा, डॉ. वाय सुब्बाराव, डॉ. चांडक, डॉ. नेमा, डॉ. प्रतिमा मैडम ने भारत सरकार से इस अशोभनीय बयान पर यतोचित कार्यवाही की मांग की है।

# कोरोना वारियर्स को करेंगे प्रशिक्षित : एसपी







## पुलिस कप्तान ने बढाया हौसला, किया सम्मान, बरही थाने कोरोना वारियर्स के प्रश्नों का किया समाधान

**बरही।** कोरोना आपदा के दौरान जब सारे लोग भय एवं दहशत के माहौल में घरों के अंदर थेए तब कोरोना वारियर्स के रूप में आप लोगो ने पूरी हिम्मत के साथ पुलिस से कदमताल करते हुए सराहनीय सेवा कार्य किया हैए जिसे शब्दो मे बयां नहीं किया जा सकता। यह बातें जिले के पुलिस कप्तान मयंक अवस्थी मंगलवार की शाम बरही थाना प्रांगण में कोरोना वारियर्स से रूबरू होते हुए व्यक्त करते हुए आह्वान किया कि ऐसे कोरोना वारियर्स जो पुलिस विभाग में भर्ती होना चाहते हैए देश व समाज सेवा जज्बा रखते है, उनके लिए पुलिस भर्ती तैयारी के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा। अवसर था 2 माह से निःस्वार्थ भाव से कोरोना वारियर्स के रूप में सेवाएं देने वालो को सम्मानित करने एवं उनका हौसला बढ़ाने का। पुलिस कप्तान ने सभी कोरोना वैरियर्स को मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान एसडीओपी शिखा सोनीए तहसीलदार एसएन त्रिपाठीए टीआई संदीप अयाची सहित थाना स्टाफ की मौजूदगी में कोरोना वैरियर्स का हौंसला बढ़ाते हुए सम्मानित किया गया।

### टीआई के कार्यो की प्रशंसा

एसपी ने कोरोना काल मे किए गए बेहतर प्रबंधन एवं कानून.व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखने के लिए टीआई संदीप अयाची को भी सम्मानित करते हुए पूरे स्टाफको बधाई देते हुए पूरे मुस्तैदी से कार्य करने निर्देशित किए। इस दौरान एसपी ने युवाओं से आव्हान किया कि देश भक्तिए जनसेवा के कार्य मे आने वाले युवाओं का हर सम्भव मदद किया जाएगाए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा। नोट्स उपलब्ध कराया जाएगाए जिससे ये कोरोना वैरियर्स पुलिस सेवा के अवसर प्राप्त कर सके।

### बहुत मेहनत करती है पुलिस

एसपी के सामने अपनी जिज्ञासा को व्यक्त करते हुए कोरोना वारियर्स शिवलाल पाठकए अदिति तिवारी आदि ने कहा कि पुलिस बहुत मेहनत करती हैए यह साथ मे काम करने के दौरान सीखने को मिलीए वही अपने घरए परिवार को छोड़कर दिन.रात कानून व्यवस्था बनाने में जुटी रहती है। साथ ही पेट्रोलिंग के दौरान कई सारी चीजें सीखने को मिली।

### 24 दिनों तक लोगों की मदद का पर्याय बना सांसद कोविड सहायता केंद्र

# अस्पताल के कोविड सहायता केंद्र का समापन

**कटनी।** विगत 24 दिन से जिला चिकित्सालय के समक्ष सांसद सहायता कोविड केंद्र का आज कटनी में लाकडाउन के समाप्त होने के साथ विश्राम दिया गया। प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में भाजपा ने कोविड के कठिन संकट में लोगों की हर सम्भव मदद की। कटनी में ही सैकड़ों कार्यकर्ता किसी के लिए आक्सीजन तो कहीं बेड इंजेक्शन का इंतजाम करते रहे वहीं जिला संगठन ने अस्पताल के समक्ष सांसद कोविड सहायता केंद्र स्थापित किया।

संकट की घड़ी में सांसद वीडी शर्मा ने जिस चीज की आवश्यकता पड़ी चाहे वो ऑक्सीजन, ऑक्सीजन कंसरट्रेटर, प्लस ऑक्सीमीटर, रेमडीसीवर इंजेक्शन एवं आक्सीजन प्लांट सहित जो भी संकट की घड़ी में आवश्यक थी वो हम सभी को उपलब्ध कराई। साथ ही विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक, मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल, बहोरीबंद विधायक प्रणय पाण्डेय ने भी लगातार अपने अपने क्षेत्र में भी बहुत ही सराहनीय कार्य किये, संकट की इस घड़ी में वे जनता के




साथ खड़े रहे, जनता की हरसंभव मदद की। सांसद कोविड सहायता केंद्र का समापन हो रहा है लेकिन पुनः कार्यकर्ता एक नए दायित्व में जुट जाएंगे। यही हमारे कार्यकर्ताओं की खूबी है जिसे कोई भी राजनीतिक दल नहीं पा सकता। कल से समस्त कार्यकर्ता टीकाकरण के लिए जन जागरण में जुट जाएंगे और सभी टीकाकरण केंद्रों में लोगो की सेवा के लिए तत्पर रहेंगे, पूरे जिले में टीकाकरण केंद्र में सहायता केंद्र के माध्यम से लोगो की सहायता के लिए बैठेंगे। समस्त कार्यकर्ताओं का यहां सेवा देने के लिए ह्रदय से आभार व्यक्त किया गया। विशेष तौर पर कार्यालयीन स्टाफ राजेश रैदास, रितेश यादव, हल्ले यादव, अमन पाण्डेय, अनुनय शुक्ला का जिन्होंने इस जन सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

भाजपा समर्पित कार्यकर्ताओं ने अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभा कर प्रदेश अध्यक्ष की मंशा को जन जन तक पहुंचाने का स्तुत्य कार्य किया। समस्त देवतुल्य कार्यकर्ताओं का जिन्होंने संकट की घड़ी में सांसद कोविड सहायता केंद्र में अपना बहुमूल्य समय दिया उन कार्यकर्ताओं का पुष्प तथा अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, जिला उपाध्यक्ष अश्वनी गौतम, जनपद अध्यक्ष कन्हैया तिवारी, चेतन हिंदुजा, रवि खरे, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, सुरेश रोचलानी, पंकज शर्मा, केशव मिश्रा, शंकर मोटवानी, ललित जायसवाल, वागीश आनंद, वेंकटेश मिश्रा, घनश्याम चावला, राजेश भास्कर, पप्पा मिश्रा, छुट्टू मिश्रा, सुरेंद्र गुप्ता, शैलेन्द्र त्रिपाठी, ललित गुप्ता, शिवम शर्मा, सुनील डोडानी, अहमद बख्श, मयंक गुप्ता, शिवकुमार सोनी, राधेश्याम शर्मा, राजू जायसवाल, पंचम दाहिया, अमन खटीक छोटा बच्चू, संतोष पटेल, देवेंद्र सोनी, सोनू बहरे, मनीष त्रिसोलिया, आशीष मिश्रा, अभिषेक शर्मा, नवीन मोटवानी, नितेश तिवारी, विवेक गुप्ता, विमल साहू, विष्णुशंकर मिश्रा, नाजू खान, दीपक तिवारी, मनोज गोस्वामी, मंगल तिवारी, रुद्र श्रीवास, अमित पिल्लै आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रिक्त पंचायतों में सचिवों के स्थान पर रोजगार सहायक को मिले प्रभार

### मांगों को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन

**विजयराघवगढ़।** खजुराहो सांसद वेंडी शर्मा एवं क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येंद्र पाठक को मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ एवं सहायक सचिव कर्मचारी संघ द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें मध्य प्रदेश कर्मचारी संघ द्वारा शासकीय कर्मचारियों रोकी गई वार्षिक वेतन वृद्धि प्रारंभ कर एरियर्स सहित भुगतान करने केंद्र के समान महंगाई भत्ता व रुकी किस्तें प्रदान करने एवं जिला स्तरीय अनु विभागीय स्तरीय जिला परामर्श दात्री समिति की बैठक प्रति 3 माह में कराए जाने की मांग की गई। वही सहायक सचिव कर्मचारी संघ द्वारा भी मांगों का



निराकरण शीघ्र कराने के संबंध में ज्ञापन सौंपते हुए निलंबन अवधि में गुजारे भत्ते की पात्रता होए पंचायत सचिव और सहायक सचिव के कार्यों का स्पष्ट विभाजन होए रोजगार सहायकों की आकस्मिक दुर्घटना मृत्यु होने पर अनुग्रह सहायता राशि में 5 लाख रूपए का प्रावधान हो, पीएफ का प्रावधान हो, पंचायत सचिवों के समकक्ष वेतन लागू हो, रिक्त पंचायतों में सचिवों के स्थान पर रोजगार सहायक को ही प्रभार प्राप्त हो की मांग कर शीघ्र लागू करने अपेक्षा की गई है। इस अवसर पर कर्मचारी संघ के तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह बघेल, सहायक सचिव संघ जिलाध्यक्ष शिवमोहन सिंह, ब्लाक अध्यक्ष विकास दत्त मिश्रा सहित विभिन्न पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, बुधवार, 02 जून 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper



# जिले के लिए मिसाल बना बहोरीबंद विकासखण्ड का बम्हौरी गांव

## जिले का एक गांव ऐसा भी, जहां 45 एवं उससे अधिक आयु के शत प्रतिशत लोगों ने लगवाया कोरोना का टीका

**कटनी।** जिले के बहोरीबंद विकासखण्ड के गांव बम्हौरी ने मिसाल पेश की है। यह मिसाल उन लोगों के लिये आईना है, जो कोरोना का टीका लगवाने से कतरा रहे हैं या घबरा रहे हैं। जहां कोरोना से लड़ाई में अपना सुरक्षा कवच पाने में कुछ लोग भ्रामक जानकारियों में उलझ कर टीकाकरण नहीं करा रहे हैं, वहीं ककरेहटा ग्राम पंचायत का बम्होरी गांव जनजागरुकता के लिये मील का पत्थर बनकर सामने आया है। इस छोटे से गांव के 45 आयुवर्ग व उससे अधिक के शत्-प्रतिशत लोगों ने कोरोना का टीका लगवाया है। कुछ ग्रामीणों को जहां पहला टीकाकरण हुआ है, वहीं कुछ ने निर्धारित अवधि मे टीके के दोनों डोज लेते हुये अपना सुरक्षा घेरा तैयार कर लिया है। ग्राम बम्होरी के रोजगार सहायक लाल बहादुर सिंह सेंगर ने बताया कि कोरोना टीकाकरण को लेकर हमारे गांव में पहले दिन से ही जागरुकता थी। जब फ्रंट लाईन वर्कर्स और हेल्थ केयर वर्कर्स को टीकाकरण प्रारंभ हुआ, तभी से हमारे गांव के युवाओं ने टीकाकरण के प्रति जागरुकता के लिये प्रयास चालू किये। इसका परिणाम रहा कि जैसे ही हमारे क्षेत्र में वेक्सीनेशन प्रारंभ हुआ और 60 आयुवर्ग एवं उससे अधिक आयु के लिये कोरोना का टीका लगना शुरु हुआ, तो उत्साह के साथ ही हमारे गांव के बुजुर्गों ने टीकाकरण केन्द्र पहुंचकर कोरोना का टीका लगवाया। अब इस आयुवर्ग के हमारे गांव के सभी 32 बुजुर्गों का टीकाकरण हो चुका है। लाल बहादुर ने यह भी जानकारी दी कि 45 आयु व उससे अधिक आयु के लिये टीकाकरण प्रारंभ होने पर हमारे गांव के निवासियों ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुये बढ़ चढ़कर कोरोना का टीका लगवाया। इस आयुवर्ग के 102 लोगों में से 101 ने अपना टीकाकरण करा लिया है। शेष एक को स्वास्थ्य संबंधी परिस्थितियों के कारण टीकाकरण नहीं हुआ है।



**81 साल की उम्र में जब मैंने लगवाया टीका, तो आप क्यों हैं पीछे - बहोरन दादा**

### बम्हौरी की गुड्डी बाई टीकाकरण कराकर संतुष्ट

बम्हौरी गांव की गुड्डी बाई टीकाकरण कराकर बहुत संतुष्ट हैं। गुड्डी बाई ने कहा कि हमें एक टीका लगा है, हम दूसरा भी लगवायेंगे। हमने घर के सभी लोगों को भी टीका लगवाया है। हमारे लड़का लड़की बचे हैं, उनको भी जल्द ही टीका लगने वाला है। ऐसा नहीं है कि बम्हौरी गांव ने कोरोना की लहर को ना सहा हो। इस गांव से 8 पॉजीटिव मरीज सामने आये थे। किल कोरोना अभियान के तहत 120 घरों का सर्वे किया गया। 150 की सैम्पलिंग की गई। गनीमत यह भी रही, कि कोरोना से कोई भी मृत्यु इस गांव में नहीं हुई। जिसके बाद ग्रामीणों ने टीकाकरण कराने की ठान ली। शासन-प्रशासन के सहयोग और जागरुकता ने इनके आत्मबल को संबल दिया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और जनअभियान परिषद्की नवांकुर संस्थाओं के सदस्यों ने घर-घर जाकर कोरोना टीका का महत्व बताया और आज यह पूरा गांव जिले के सभी गांवों के लिये एक उदाहरण के रुप सामने आया है। इतना ही नहीं गांव की जागरुकता का स्तर आप इस बात से ही समझ सकते हैं कि इस गांव के किशोर सिंह को जैसे ही दो दिन बुखार आया, उन्होने बिना देर किये अपना कोविड टेस्ट कराया। उनकी रिपोर्ट पॉजीटिव आई, तो वे भयभीत नहीं हुये। स्वविवेक और जागरुकता का परिचय देते हुये अपने घर के अन्य सदस्यों की भी जांच कराई। बहु और बेटा पॉजीटिव आये और फिर जिला प्रशासन के द्वारा चिकित्सीय परामर्श कोविड कमाण्ड कंट्रोल के माध्यम से दिया गया। होम आईसोलेशन के विषय में बताया गया। जिसके निर्देशों का पालन उन्होने दृढ़ता के साथ किया और घर में रहकर ही तीनों ने कोरोना को मात दी।

### युवाओं में टीकाकरण को लेकर खासा उत्साह

अब 18 व उससे अधिक आयुवर्ग के लिये हमारे युवाओं में टीकाकरण को लेकर खासा उत्साह है। अपर कलेक्टर रोहित सिसोनिया के प्रयासों से हमारे गांव में टीकाकरण का कैम्प लगा, जिसमें पहले ही दिन 67 युवाओं ने अपना टीकाकरण कराया है। कोविन पोर्टल पर सही समय पर पंजीयन हो, इसके लिये हमारी युवाओं की एक टीम सक्रिय है। 40 और युवाओं ने कोरोना टीकाकरण के लिये अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है। टीकाकरण करा चुके 81 वर्षीय बम्होरी गांव निवासी बहोरन दादा ने बताया कि मैने दोनो टीके लगवाये हैं। अच्छा महसूस होता है और सुरक्षित भी। मुझे किसी भी तरह की समस्या नहीं हुई। यह टीका सुरक्षित है। जब 81 साल की उम्र में मैं लगवा सकता हूं, तो बाकी और काहे नहीं। हमारे गांव में तो सब टीका लगवाये हैं। 62 वर्षीय अमर सिंह ने भी टीकाकरण को लेकर अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने बताया कि मैने दोनो डोज की वेक्सीन लगवाई है। हमारे गांव के सभी पात्र लोग टीकाकरण करा चुके हैं। टीकाकरण में हम सभी ने एक दूसरे का सहयोग किया और मुझे स्वास्थ्य संबंधी कोई भी दिक्कत नहीं आई।

# पत्थर तोड़ने वाले श्रमिकों की दफाई बस्ती पहुंचे पुलिस कप्तान

**200 परिवारों को वितरित की राशन सामग्री, बरही थानाक्षेत्र के कुटेश्वर माइंस की दफाई बस्ती में पहुँची पुलिस की मदद**



**बरही।** कटनी जिले के अंतिम छोर में बसे बरही थाना इलाके के कुटेश्वर माइंस की ग़ैरतलाई की दफाई बस्ती में पुलिस कप्तान मयंक अवस्थी पहुँचेए जहां मिशन संबल के तहत 200 से अधिक श्रमिक परिवारों को राशनए खाद्य सामग्री के थैले वितरित कर आपदा की घड़ी में संबल बढाया। इस अवसर पर एसडीओपी शिखा सोनीए तहसीलदार बरही एसएन त्रिपाठी, टीआई संदीप अयाची, माइंस के पर्सनल अधिकारी पीके मिश्रा सहित ग्रामीणों की मौजूदगी रही। कुटेश्वर माइंस की दफाई बस्ती जिले के सबसे गरीब परिवारों की बस्ती है, जहां के श्रमिक पत्थर तोड़कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते है। आपदा में इन परिवारों के भरण-पोषण का संकट था, इस बात की जानकारी लगते ही बरही टीआई संदीप अयाची ने कुटेश्वर माइंस प्रबंधन के सहयोग से राशन वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया। जरूरतमंदो की लिस्ट तैयार की गईए जिसके उपरांत 200 से अधिक परिवारों को राशन सामग्री का वितरण पुलिस कप्तान के हाथों कराया गया। इस दौरान यशभारत से चर्चा करते हुए पुलिस कप्तान मयंक अवस्थी ने बताया कि कोरोना कर्फ्यू के दौरान जिले में कई ऐसे परिवार थे, जिनके पास राशन सामग्री का संकट था, जिसको राहत पहुचाने के लिए पीछे 6 सप्ताह से गांव-गांव, घर-घर पहुँचकर पुलिस ने जरूरतमंदों को मिशन संबल के तहत मदद देने का सराहनीय कार्य किया है, अब 1 जून से अनलॉक की प्रक्रिया प्रारंभ होने से धीरे-धीरे स्थिति सामान्य होती जाएगी, फिर भी जहां भी जरूरत पड़ेगी वहां पुलिस मदद के लिए तैयार रहेगी।



दफाई बस्ती में राशन वितरण करने के उपरांत एसपी अवस्थी ग़ैरतलाई स्थित मां काली मंदिर पहुँचकर पूजा-अर्चना करने के उपरांत मंदिर प्रांगण में पौधरोपण करते हुए हरियाली का संदेश दिया। मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष सुजीत परौहा के आग्रह पर एसपी मंदिर पहुँचे हुए थे। पौधरोपण कार्यक्रम के पूर्व पुलिस अधीक्षक माइंस पहुँचकर निरीक्षण करते हुए लाइम स्टोन के निर्माण के संबंध में माइंस के अधिकारिकारियो से जानकारी प्राप्त की।

# छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निर्णय ले सरकार

**कटनी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा अपर कलेक्टर को स्कूली मंत्री मध्यप्रदेश शासन इंदर सिंह परमार के नाम ज्ञापन सौंपा। सौंपे ज्ञापन में अभाविप ने कहा कि कोरोना संक्रमण के चलते हमारी शैक्षणिक पठन-पाठन की व्यवस्था परीक्षा परिणाम यह सब कुछ प्रभावित हुआ है जिससे विद्यार्थियों का काफी शैक्षणिक नुकसान हो चुका है आज कोविड महामारी में छात्र भी अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का मानना है कि कोरोना परिस्थिति के कारण टली गई 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन पर राज्य सरकार को विद्यार्थी के सुरक्षा एवं भविष्य को ध्यान में रखते हुए निर्णय करने की आवश्यकता है व्यवसायिक पाठ्यक्रम तथा प्रदेश के अधिकतर विश्वविद्यालयों में स्थानक कक्षाओं मैं प्रवेश मेरिट लिस्ट के आधार पर होता है ऐसे में 12वीं कक्षा के विद्यार्थी का मूल्यांकन महत्वपूर्ण है। जिला संयोजक सिप्तेन रजा ने कहा कि विद्यार्थी परिषद सरकार से मांग करती है कि वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सरकार का नवीन प्रयोगों जैसे काम समयावाधी की परीक्षा प्रमुख विषयों की परीक्षा ओपन बुक परीक्षा आदि के माध्यम से परीक्षा का आयोजन शारीरिक दूरी का पालन कर आगामी जुलाई-अगस्त में करा जा सकती है विद्यार्थी परिषद का स्पष्ट मत है कि राज्य सरकार जल्दबाजी ना दिखाते हुए विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखकर निर्णय कर ले जिस तरह से कोरोना के मामले कम हो रहे हैं ऐसी स्थिति में निकट माह जुलाई-अगस्त में शारीरिक दूरी का पालन कर कम समय काल में परीक्षा का आयोजन हो जा सकता है विद्यार्थी परीक्षा राज्य सरकार से मांग करती है विद्यार्थियों की सुरक्षा स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक भविष्य को ध्यान में रखकर न्यायोचित निर्णय करना चाहिए जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना विद्यार्थियों को ना करना पड़े।





# सब्जी, फल मंडियों में प्रात: से कराई गई आवश्यक व्यवस्थाएं

**कटनी।** कोरोना कर्फ्यू अनलॉक के संबंध में जारी दिशा निर्देशों के परिपालन में नगर पालिक निगम सीमान्तर्गत दुकानों फर्म प्रतिष्ठान सब्जी फल फूल आदि के संचालन कोविड-19 प्रोटोकाल के साथ करानें हेतु प्रभारी अधिकारी का दायित्व नगरनिगम उपायुक्त अशफाक परवेज को सौपा कर निगम के अधिकारियों कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है। अनलॉक के दौरान संक्रमण से नागरिकों की सुरक्षा एवं प्रोटोकॉल का पालन कराने हेतु प्रभारी अधिकारी अशफाक परवेज के निर्देशन में प्रातः से निगम के अमले द्वारा चिन्हित थोक सब्जी मंडी स्थलों, फुटकर सब्जी बाजार, फुटकर सब्जी एवं फल बाजार, फुटकर सब्जी एवं थोक फल बाजार सहित फुटकर फल बाजार हांथ ठेला के चिन्हित स्थलों में सोशल डिस्टेंसिंग के साथ सब्जी, फल बाजार के संचालन की कार्यवाही की गई। निगम का अतिक्रमण दस्ते द्वारा प्रातः 6 बजे से कारगिल चैक, शास्त्री कॉलोनी, गोल बाजार, सिल्वर टॉकीज तिराहा, बिलैया तलैया सब्जी मंडी एवं नगर के अन्य मुख्य स्थलों का भ्रमण कर मुनादी के माध्यम से व्यवसाय करनें हेतु चिन्हित स्थलों की जानकारी प्रदान करते हुए सब्जी/फल व्यवसाय करनें वालों को निर्धारित स्थलों पर भेजने की कार्यवाही की गई।

## अनलॉक में ऑड इवन व्यवस्था लागू करने पर आभार

**कटनी।** जिले में करोना बीमारी के बढते प्रकोप को रोकने के लिए आगामी दिनों में नए विकल्पों को चुनने हेतु कलेक्टर एवं डी एम प्रियंक मिश्रा एवं नगर निगम को पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान ने लाकडाउन के पहले ही पत्र लिखकर कुछ सुझाव प्रेषित किए थे। जिसमे शहर के बाजार में नागरिकों के एकत्रीकरण जो भीड़ के रूप में परिवर्तित नज़र आती है उसे रोका जा सकता है जिसके लिये ओड इवन डेटस प्रणाली से बजार व्यवस्था कर कटनी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मार्केट में भीड़ पर नियंत्रण किया जा सकता है जिससे करोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोका जा सकता है पूर्व जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान ने अपने प्रस्ताव में कहा था कि शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रमुख बाजार को राइट एवं लेफ्ट में विभाजित कर राइट तरफ का मार्केट ऑड ईवन डेटस से खुला और लेफ्ट तरफ का मार्केट बंद रखने एवं दूसरे दिवस इसी तरह राइट तरफ का मार्केट बंद एक दिन लेफ्ट तरफ का मार्केट खुला करने की प्रक्रिया अपनाई जाना चाहिए जिससे नागरिकों की भीड़ शहर में ज्यादा एकत्र नहीं होगी कलेक्टर कटनी एवं नगर निगम ने हमारे प्रस्ताव को सम्मिलित किया उसके लिए हम आभारी हैं कोविड वैक्सीनेशन कराये जाने की जनजागरण अभियान की आवश्यकता है खास तौर पर बाजार में सभी दुकानदारों को उन्हे तत्काल वैक्सीन लगवाने हेतु आग्रह किया था।

# अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि 30 जून

**कटनी।** राज्य शासन ने प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों द्वारा खरीफ2020 एवं रबी 2020-21 सीजन में वितरित अल्पकालीन फसल ऋण की देयतिथि बढ़ा कर 30 जून, 2021 कर दी है। पूर्व में खरीफ2020 सीजन में अल्पावधि फसल ऋण की देय तिथि 31 मई, 2021 थी और रबी 2020-21 सीजन में दिये गये अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि 15 जून, 2021 थी, इन्हें बढ़ाया गया है। उप सचिव सहकारिता श्री मनोज सिन्हा ने बताया कि राज्य शासन दवारा लिये गये निर्णय के परिपेक्ष्य देय तिथि की बढ़ी हई अवधि के लिये शून्य प्रतिशत ब्याज दर योजनान्तर्गत निर्धारित बेसरेट 10 प्रतिशत के अंतर्गत एक प्रतिशत (सामान्य) ब्याज अनुदान प्रत्येक किसान को तथा 4 प्रतिशत (अतिरिक्त) ब्याज अनुदान देय तिथि तक ऋण का भुगतान करने वाले किसानों को उपलब्ध कराया जायेगा। योजना की शेष शर्ते यथावत रहेगी। सरकार द्वारा कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के कारण लॉकडाउन के मद्देनजर राज्यों द्वारा लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिये जाने एवं किसानों को इस दौरान अपने बकाया अल्पकालीन फसली ऋण के पुनर्भुगतान में कठिनाईयों / दंडात्मक ब्याज का भुगतान करने की स्थिति का सामना न करना पड़े और उन्हें 4 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर पर अल्पावधि फसल ऋण का लाभ मिलता रहे, जो कि समय पर भुगतान करने पर उन्हें मिलता हैं, के लिये अवधि 30 जून 2021 तक बढ़ाई गई है। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार 7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से बैंकों द्वारा दिये गये 3 लाख रुपये तक के लघु अवधि के फसली ऋण जो एक मार्च 2021 और 30 जून 2021 के बीच चुकौती के लिये बकाया हो, उन पर बैंकों को 2 प्रतिशत ब्याज सहायता और किसानों को 3 प्रतिशत शीघ्र चुकौती प्रोत्साहन की उपलब्धता 30 जून 2021 तक या वास्तविक भुगतान की तारीख तक, जो भी पहले हो जारी रहेगी।

**किराये से देना है**

**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति**
**सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति**
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

# आज 9 केन्द्रों पर लगाई जा रही कोविड-19 वैक्सीन

**कटनी।** कोविड-19 टीकाकरण के अंतर्गत 45 वर्ष से अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों का 1 अप्रैल से टीकाकरण प्रारंभ किया गया है। 2 जून को जिले में शासकीय एवं निजी क्षेत्र की 9 स्वास्थ्य संस्थाओं में कोविड-19 टीकाकरण सत्र आयोजित किये जायेंगे। शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में टीकाकरण निःशुल्क किया जा रहा है। कटनी शहरी क्षेत्र के टीकाकरण केन्द्रों की जानकारी देते हुये जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि कटनी अर्बन क्षेत्र में पुरानी कचहरी परिसर और झूलेलाल सेवा मण्डल माधवनगर में टीकाकरण होगा। इसके साथ ही जिला अस्पताल अंतर्गत पुरानी कचहरी परिसर में को-वेक्सीन के दूसरे डोज का भी टीकाकरण किया गया है। सीएचसी बड़वारा, सीएचसी बहोरीबंद, सीएससी उमरियापान, पीएचसी कन्हवारा, सीएचसी रीठी, सिविल हॉस्पिटल विजयराघवगढ़ और सीएचसी बरही में भी कोविड-19 का वेक्सीनेशन किया गया। आज 2 जून को 18 से 44 आयु वर्ग लोगों के लिए वेक्सीनेशन 15 केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। जिसमे पुरानी कचहरी परिसर, रेल्वे स्कूल एनकेजे, तिलक कॉलेज, ऑर्डिनेन्स फैक्ट्री, एसीसी हॉस्पिटल, पंजाबी धर्मशाला माधवनगर, सरस्वती स्कूल नई बस्ती, सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ के टीकाकरण केन्द्र एक्सीलेन्स स्कूल, सीएचसी बड़वारा, सीएचसी बहोरीबंद, सीएचसी उमरियापान, पीएचसी कन्हवारा, सीएचसी पहाड़ी, सीएचसी रीठी, सीएचसी बरही, में भी बुधवार को 18 से 44 आयुवर्ग के लिये कोविड-19 वेक्सीनेशन किया गया।



# जनअभियान परिषद के वॉलेन्टियर्स ने किया पौधारोपण

**कटनी।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद ब्लॉक ढीमरखेड़ा के वॉलेन्टियर, अतिथि शिक्षक और परामर्शदाता अमित गर्ग ने प्रदेश सरकार द्वारा वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई योजना प्राणवायु अवार्ड के अंतर्गत अन्य सदस्यों के साथ ग्राम पंचायत धरवारा में नीम, शहतूत और बबूल के वृक्षों का पौधारोपण किया। इसके साथ ही अन्य लोगो को अधिक से अधिक वृक्ष रोपने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवक सतीश साहू, पंकज नामदेव, लखन कोल उपस्थित रहे।



**एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
विशेषतायें
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर



# पीएम आवास की दूसरी किश्त के लिए भटक रहे हितग्राही

## राशि नहीं मिलने की वजह से अधूरा पड़ा आवास का निर्माण

**रीठी जनपद के कई गांवों में परेशान हो रहे हितग्राही**

**रीठी।** प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किश्त नहीं मिलने की वजह से पात्र हितग्राहियों द्वारा कराए जा रहे आवास का निर्माण अधर में लटक गया है। कहीं नींव भर चुकी है तो कहीं छत ढलना बाकी है लेकिन किश्त नहीं मिलने की वजह से आवास का काम पूरा नहीं हो पा रहा है। अगले कुछ दिनों में बरसात का मौसम शुरू होने वाला है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बरसात के मौसम में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। पीएम आवास की दूसरी किश्त के लिए हितग्राही भटक रहे हैं। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के मुताबिक जनपद पंचायत रीठी के अंतर्गत ग्राम भरतपुर, बरजी, रीठी सहित कई गांव 45 से अधिक हितग्राही ऐसे हैं, जिन्हें पीएम आवास योजना की दूसरी किश्त अब तक नहीं मिली है। नींव का काम पूर्ण होने के बाद दूसरी किस्त नहीं आने के कारण पीएम आवास निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। जिओटेग एपीओ काटने की कार्यवाही के बाद शासन द्वारा दूसरी किश्त की राशि अब तक नहीं दी गई है। हितग्राही सचिव व सरपंच के चक्कर लगा रहे हैं, जबकि सचिव सरपंच, जीआरएस द्वारा आवश्यक कार्यवाही किये जाने के बाद भी एपीओ रिजेक्ट किए जा रहे है। पीएम आवास योजना का काम देख रहे जनपद के अधिकारियों द्वारा अनेको बार शिकायत के बाद भी हितग्राहियों के पीएम आवास की दूसरी किश्त नहीं दी गई। यह भी बताया जाता है कि बाद में आए पीएम आवास वाले पात्र हितग्राहियों को दूसरी किश्त का भुगतान किया जा चुका है। महीनों पूर्व पहली किस्त के आधार पर प्लेंथ लेबल तक काम हो जाने के बाद दूसरी किश्त हेतु जिओ टैग किये जा चुके हैं।

# जल प्रदाय विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी को दी गई विदाई

**कटनी।** शासन नियमानुसार शासकीय कर्मचारी को निश्चित सेवा के उपरांत सेवा से निवृत्त होना ही पडता है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन एवं कार्यपालन यंत्री शैलेष जायसवाल, उपयंत्री अश्विनी पाण्डेय, मृदुल श्रीवास्तव, प्रभारी कार्यालय अधीक्षक नागेन्द्र पटैल, सुपरवाईजर मुरलीधर देववंशी की उपस्थिति में विगत संध्या जल प्रदाय विभाग के



कर्मचारी पंप हैल्पर शिव प्रसाद सिंह को तिलक लगाकर पुष्पहार पहनाकर शाल ,श्री फ्ल एवं उनके स्वत्वों की राशि का चैक भेंट किया गया। प्रभारी कार्यपालन यंत्री शैलेष जायसवाल नें सेवानिवृत्त कर्मचारी पंप हैल्पर शिव प्रसाद सिंह की सेवानिवृत्ति के आयोजित कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए कहा कि निगम परिवार से आज हमारे बीच के कर्मचारी श्री शिव प्रसाद सिंह सेवानिवृत्त हो रहे है। आप कर्मठ एवं सेवाभावी व्यक्तित्व के धनी रहे है। हम सभी आपके स्वास्थ्य जीवन की कामना करते है।

# विजयराघवगढ़ में सवा करोड़ की लागत से बनेगा ऑक्सीजन प्लांट





**सांसद ने की घोषणा, 10 लाख रूपए की राशि से होगा चिकित्सालय का कायाकल्प**

## प्रधानमंत्री के 7 साल पूरे होने पर सेवा ही संगठन कार्यक्रम

**विजयराघवगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर प्रत्येक ग्रामीण क्षेत्र में गरीबों की सेवा उपलब्ध कराने हेतु सेवा ही संगठन अभियान चलाकर गरीबों की सेवा करने का अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद बीडी शर्मा द्वारा 10 लाख रुपए की राशि चिकित्सालय के कायाकल्प के लिए एवं सवा करोड़ रुपए का ऑक्सीजन प्लांट प्रदान करने की घोषणा की गई है। चिकित्सालय प्रांगण का जायजा लेते हुए चिकित्सालय की सुदृढ़ स्थिति व रखरखाव को देखते हुए ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद कुमार को धन्यवाद दिया। पूर्व मंत्री एवं विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक द्वारा पूज्य पिता पंडित सत्येन्द्र पाठक की स्मृति में प्रदाय की गई 2 एम्बलेंस को सांसद ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर विधायक संजय सत्येंद्र पाठक, बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडे, पीतांबर टोपनानी, शशांक श्रीवास्तव, ममता पटेल, उदय राज सिंह चौहान, राकेश गुप्ता, डॉक्टर विनोद कुमार, डॉ आकाश तिवारी, डॉक्टर गुलशेर अहमद, डॉ प्रशांत दुबे, डॉक्टर कमल यादव, विपिन सोनी, नंद कुमार पटेल, अजय वर्मा, आकाश चौरसिया, अंबुज त्रिपाठी, रत्ना सिंह निवारे, नीलिमा चार्ल्स सहित चिकित्सालय के समस्त कर्मचारी एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

## इनकी रही उपस्थिति रही

इस अवसर पर रंगलाल पटेल, उदय राज सिंह चौहान, बाबूलाल उरमालिया, गणेश राव, राकेश गुप्ता, लाल जी मिश्रा, सतीश तिवारी, विजयराघवगढ़ मंडल अध्यक्ष मनीष मिश्रा, राजेश सिंघल, एडिशनल एसपी, एसडीओपी सुश्री शिखा सोनी, एसडीएम प्रिया चंद्रावत, तहसीलदार जितेंद्र पटेल, सीईओ सुश्री प्रभा तेकाम, थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर, बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची सहित क्षेत्रीय दलों की उपस्थिति में जिला पंचायत अध्यक्ष ममता रंगलाल पटेल द्वारा आगंतुकों को का आभार प्रदर्शन किया गया। सभा का कुशल संचालन ठाकुर जयवंत सिंह चौहान द्वारा किया गया

## विधायक संजय पाठक ने वैक्सीन के प्रति किया जागरूक

सेवा ही संगठन अभियान के तहत सांसद व्ही शर्मा का काफिला कांटी सेक्टर के वकठा ग्राम पहुंचा, जहां ग्रामीणों को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने क्षेत्र के लोगों को वैक्सीन लगवाने जागरूक किया, ताकि क्षेत्र के प्रत्येक जनों की इम्यूनिटी लेबल कम ना हो सके एवं क्षेत्र के लोगों को अधिक से अधिक स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो सके, इसके लिए शासकीय चिकित्सालय विजयराघवगढ़ में दवाओं का स्टॉक पूर्ण कराने आश्वासन दिया। सांसद बीडी शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन को 7 वर्ष पूर्ण होने पर लोगों को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री 7 वर्ष पूर्ण होने पर सेवा ही संगठन अभियान के तहत गांव गांव जाकर गरीबों की सेवा का उद्देश्य लेकर प्रधानमंत्री द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया गया है। वही कोविड 19 वायरस संक्रमण को भगाने हेतु दवाई भी कढ़ाई भी का मंत्र देकर लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर सेवा ही संगठन के तहत उपस्थित गरीब जनों को खाद्यान्न सामग्री भेंट की गई।



# जनजागरुकता की गतिविधियां आयोजित कर रहे वॉलेन्टियर्स





**कटनी।** विकासखंड बड़वारा के ग्राम बाछोली में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष रवि राम नामदेव कोरोना वालंटियर द्वारा विगत 1 माह से सक्रिय रुप में लगातार कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए ग्राम स्तर पर कोरोना महामारी के प्रति जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत रोको टोको अभियान अंतर्गत लोगों को मास्क लगाए जाने के लिये प्रेरित किया जाना और मास्क का उपयोग न करने वालों को समझाइश देते हुए मास्क का वितरण का कार्य किया गया। रवि राम ने अब तक स्वयं के खर्चे से लगभग ढाई सौ मास्क का वितरण किया है। इसके साथ ही लगातार टीकाकरण हेतु लोगों को प्रेरित करने का कार्य

## टीकाकरण को लेकर भी जारी है जनजागरुकता अभियान

भी उनके द्वारा किया जा रहा है। बछोलाी ग्राम में लगभग 75 का टारगेट हैं जिसमें से लगभग 40 व्यक्तियों टीकाकरण किया जा चुका है, जिसमें कुछ बुजुर्ग व युवा महिला, पुरुष शामिल है। शेष 35 व्यक्तियों को जल्द ही टीकाकरण पूर्ण कराने की दिशा में कार्य जारी है। ग्राम में शत् प्रतिशत लोगों का वेक्सीनेशन हो, इसके लिये सतत् रुप से प्रयास किये जा रहे है। ग्राम बछोली में लगभग डेढ़ सौ की आबादी में स्वयं से घरों को सैनिटाइज किया गया है। जिसमें बछोली ग्राम के 150 परिवार लाभान्वित हुए है। वहीं जनजागरुकता की गतिविधियों के फ्लस्वरुप ग्राम बछौली में वैक्सीनेशन को लेकर कोई नकारात्मक सोच नहीं है और ना ही वैक्सीनेशन के प्रति कोई भ्रांति है। सभी ग्रामीण कोविड टीकाकरण को लेकर जागरूक व जिम्मेदार हैं।

# सफाई व्यवस्था के साथ किया सैनेटाईजेशन

**कटनी।** निगम प्रशासन द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था के साथ ही कीटनाशक दवा का छिडकाव, सैनेटाइजेशन, डोर टू डोर कचरे का संग्रहरण, अस्पतालों से निकलनें वाले बायोमेडिकल वेस्ट का पृथक वाहनों माध्यम से उठाव कराया जाकर नगर को संक्रमण मुक्त रखनें के प्रयास किये जा रहै। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम प्रशासन द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था स्थलों की सफाई के अंतर्गत ट्रासंपोर्ट नगर पुरैनी स्थित थोक सब्जी मंडी स्थल सहित नगर के अन्य सबजी एवं फल विक्रय हेतु चिन्हित स्थलों की साफ सफाई की जाकर चूने की लाईनिंग, मिशन चौक, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड एम.जी.एम हॉस्पिटल,रघुनाथ गंग वार्ड,राजीव गांधी वार्ड मेन रोड की सफाई,घंटाघर रोड ,कावसजी वार्ड स्थित भीमराव चौक से विवेकानंद चौक तक सफाई का कार्य किया गया।साथ ही सहित नगर के मुख्य मार्गो डिवाईडर की सफाई तहत नदीपार से सूर्या होटल तक,बरगंवा ओव्हर ब्रिज के पास डिवाईडर के दोनो ओर सफाई की जाकर कचरे का उठाव का कार्य किया गया।

नगर के नाले-नालियों की सफाईव्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए महात्मा गांधी वार्ड राष्ट्रिय स्कूल के सामने बडे नालों एवंएवं बस्ती के अन्दर की नालियों,मदन मोहन चौबे वार्ड भूमि प्रकट शारदा मंदिर के जे.सी.बी मशीन



द्वारा नाले की सफाई फारेस्टर वार्ड भीमराव चौक से मेंहदी बांगला,कावस जी वार्ड शमशान भूमि सुलभ शौचालय के बगल वाला नाले की सफाई जे.सी.बी मशीन के माध्यम से मंगनगर पुलिया के नाले, रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड स्थित इंदिर अवास कालौनी की नालियों सफाई सहित अन्य स्थलों के नाले नालियों की सफाई का कार्य कराया गया।

नगर के विभिन्न स्थलों में सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल के छिडकाव अभियान के तहत आज मसुरहा वार्ड स्थित महाकाल गली, वीर सावरकर वार्ड स्थित बच्चन नायक गली, नई बस्ती क्षेत्र में डॉ ब्रम्हा जसूजा क्लीनिक वाली गली, मुख्य स्टेशन, मुडवारा स्टेशन, साधूराम स्कूल, पुराना जिला न्यायालय, अंजूमन इस्लामिया स्कूल, जैन स्कूल, सरस्वती स्कूल, जिला न्यायालय, रैन बसेरा बस स्टेण्ड, नगर निगम के चारों जोन कार्यालय, दीनदयाल रसोई केन्द्र, दुर्गा चौक चैक पोस्ट, सायना कोविड केयर, बालक छात्रावास राय कालौनी, शासकीय कन्या छात्रावास, लखेरा सुलभ के सामनें, उपस्वास्थ्य केन्द्र, स्वामी परामर्श केन्द्र के सामने, लखेरा विवेकानंद वार्ड स्थित मौर्य जी, गुप्ता वकील साहब, हनुमान मंदिर के सामनें, कपिल पान भंडार के सामने घोल का छिड़काव किया गया। वहीं माधवशाह हास्पिटल, विनय स्टोर्स के पास, बाबा माधवशाह मंदिर, गुरूद्वारा परिसर, झूलेलाल मंदिर, समदडिया कॉलोनी के विभिन्न स्थलों, पार्थ हैल्थ क्लब गली माधवनगर सहित नगर के अन्य स्थलों में कोरोना विनाशक रथों के द्वारा सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल का छिड़काव किया जाकर स्थलों को विसंक्रमित करनें की कार्यवाही की गई।

# स्थायी पत्रकार भवन के लिए होने वाले हर प्रयास का करेंगे समर्थन

**श्रमजीवी पत्रकार संघ प्रदेश स्तर का संगठन, यह कटनी स्तर के किसी नवोदित पत्रकार महासंघ के अधीन नही– बैठक में हुआ निर्णय**

**कटनी।** प्रदेश स्तरीय श्रमजीवी पत्रकार संघ की कटनी जिला इकाई की बैठक कल संघ के जिलाध्यक्ष एवं यशभारत के स्थानीय संपादक आशीष सोनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पत्रकारों से जुड़े मामलों पर चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए साथ ही शहर में पत्रकारों के बीच मौजूदा स्थितियों को लेकर मंथन करते हुए संघ की आगामी कार्ययोजना और भूमिका तय की गई।

संघ के महासचिव वरिष्ठ पत्रकार सुनील मुरारी के संचालन में आयोजित बैठक में सभी सदस्यों ने बेबाकी से अपनी राय वक्त की। सभी ने इस बात की आवश्यकता जताई कि पत्रकारों के बीच पत्रकार भवन को लेकर जो भ्रम का वातावरण निर्मित हो गया हैए उसका निराकरण किया जाना चाहिए। बैठक में सर्व सम्मति से जो बिंदु तय किये गए उसके मुताबिक श्रमजीवी पत्रकार संघ प्रदेश स्तर पर पत्रकारों का एक प्रतिष्ठित संगठन हैए लिहाजा संघ कटनी स्तर के किसी नवोदित पत्रकार महासंघ के अधीन नही है। श्रमजीवी पत्रकार संघ कटनी में स्थायी पत्रकार भवन के लिये किये जाने वाले हर प्रयास का समर्थन करता हैए किंतु नगर निगम की ओर से पिछले दिनों सामुदायिक भवन के एक कक्ष के आबंटन का जो पत्र एक संगठन को दिया गया हैए क्या वह अस्थायी पत्रकार भवन के नाम पर जारी किया गया है या कोविड काल के लिए आवंटित किया गया थाघ् संघ भ्रम की इस स्थिति के निराकरण के लिए कलेक्टर और नगर निगम कमिश्नर से मुलाकात



करेगा तथा लिखित में उनसे जानकारी मांगेगा। सामुदायिक भवन को पत्रकार भवन के रूप में उद्घाटित कराने के पूर्व नगर निगम से मिले पत्र को सार्वजनिक क्यों नही किया गया। साथ ही वरिष्ठ पत्रकारों और अन्य पत्रकार साथियों को भी अंधेरे में क्यों रखा गया। जबकि भवन के एक कक्ष के कोविड काल मे उपयोग की अनुमति ही मिली थीए न कि यह पत्रकार भवन के रूप में आवंटित किया गया। इस महत्वपूर्ण तथ्य को क्यों छिपाया गयाए इससे शहर में पत्रकारों की प्रतिष्ठा खराब हुई और एक सरकारी भवन में कब्जे तक के आरोप लगे।

नगर निगम की प्रक्रिया में भवन के आवंटन के लिए यदि किसी रजिस्टर्ड संघ की जरूरत थी तो कटनी में प्रदेश स्तर के कई पत्रकार संगठन पहले से मौजूद थे उनके नाम का उपयोग क्यों नही किया गया। इसके लिए कोर कमेटी को समाप्त कर नए पत्रकार संगठन का रजिस्ट्रेशन किस मंशा के तहत कराया गया। यदि कथित महासंघ को अन्य किसी रजिस्टर्ड पत्रकार संगठन पर भरोसा नही था तो अब अन्य संघो को किसी नवोदित संगठन पर भरोसा नही कि वाकई उसका उद्देश्य पत्रकारों का हित संरक्षण है। श्रमजीवी पत्रकार संघ शहर एवं आंचलिक पत्रकारों के लिए जिला मुख्यालय में पत्रकार कालोनी के लिए सार्थक प्रयास करने के प्रति अपनी प्रतिबध्दता दोहराता है। संघ के समस्त सदस्यों के बीमा की प्रक्रिया पूर्ण कराने की कोशिश की जाएगी। संघ सरकार से यह मांग करता है कि पत्रकारों को मिलने वाली शासकीय सुविधाओं के मामले में अधिमान्य और गैर अधिमान्य के बीच के अंतर को समाप्त किया जाए। सभी को एक समान समझा जाये।

बैठक में जिलाध्यक्ष आशीष सोनी, महासचिव सुनील मुरारी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र राजपूत, उपाध्यक्ष द्वय जाहिद हुसैन सिद्दीकी, असलम खानए कार्यवाहक अध्यक्ष नवनीत गुप्ता, संघ के प्रदेश सचिव राकेश तिवारी, सूरज शिववेदी, मनोज खरे, अजय गौतम, महिला विंग की अध्यक्ष रश्मि राय, डॉ ज्योति राजपूत, अजय उपाध्याय, सुरेश उसरेटे सहित अन्य पत्रकार साथी मौजूद रहे। बैठक में यह भी कहा गया कि यदि अस्थायी भवन भी पत्रकार भवन के नाम पर आवंटित होगा तो उसका स्वागत और समर्थन किया जाएगा।बैठक के अंत मे संघ के प्रिय साथी संजय सांधेलिया के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धाजंलि अर्पित की गई।

# सिटी न्यूज

अभी मास्क भी वैक्सीन है


यश भारत **8**

www.yashbharat.com | कटनी, बुधवार 02 जून 2021 | फोन- 230033




# स्वयं रीडिंग भेजकर स्मार्ट फोन जीत सकेंगे बिजली उपभोक्ता

**कटनी।** कोरोना संक्रमणकाल में बिजली उपभोक्ता स्मार्ट बिजली एप के माध्यम से सेल्फ रीडिंग भेज सकते हैं। मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को सेल्फ फोटो रीडिंग की सुविधा प्रदान की गई है। कुछ बिजली उपभोक्ता घर बैठे अपने मीटर की रीडिंग स्मार्ट बिजली एप के माध्यम से स्वयं अपलोड कर वास्तविक रीडिंग का बिजली बिल प्राप्त कर रहे हैं। बिजली उपभोक्ता माह की 1 से 5 तारीख तक फोटो रीडिंग अपलोड का सकते हैं। सेल्फ फोटो रीडिंग के प्रति उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित करने के लिए कंपनी द्वारा एक ईनामी योजना भी लागू की गई है, जिसके तहत उपभोक्ता द्वारा अपलोड की गई फोटो रीडिंग स्पष्ट एवं मान्य होने पर लकी ड्रा निकाला जाएगा तथा चयनित उपभोक्ताओं को स्मार्ट फोन ईनाम में दिया जाएगा। कोविड-19 महामारी के कारण, संक्रमण से बचाव के लिए मीटर रीडर को उपभोक्ता के परिसर के बाहर स्थापित मीटर की रीडिंग करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि उपभोक्ता एवं मीटर रीडर दोनों ही सुरक्षित रहें। ऐसे उपभोक्ता जो सेल्फ फोटो रीडिंग का उपयोग कर रहे हैं उन्हें अपलोड की गई रीडिंग का बिल भेजा जा रहा है।







## 5 तारीख तक स्मार्ट बिजली एप में मीटर रीडिंग की फोटो भेजकर जीत सकते हैं इनाम

### कैसे भेजे सेल्फ फोटो रीडिंग

मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अतिरिक्त अधीक्षण यंत्री विकास सिंह ने बताया कि स्मार्ट बिजली एप डाउनलोड करने के लिए कंपनी द्वारा बिजली उपभोक्ताओं के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर मैसेज के माध्यम से लिंक भेजी गई है। एप्प को डाउनलोड करने के बाद पहली बार मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी के साथ रजिस्टर्ड करना होगा। नए उपभोक्ता गेस्ट यूजर विकल्प का उपयोग कर भी रीडिंग अपलोड कर सकते हैं। रीडिंग अपलोड करने के लिए स्मार्ट बिजली एप के मीटर रीडिंग अपलोड फोटो विकल्प को चुनें। अपना आईवीआरएस नंबर दर्ज करने पर उपभोक्ता का विवरण डिस्प्ले होगा। मीटर में दिखाई दे रही केडब्ल्यूएच वाली रीडिंग को टाइप करें तथा फोटो विकल्प के माध्यम से फोटो लेकर उसे सबमिट करें। स्पष्ट फोटो की रीडिंग मान्य होने पर उपभोक्ता का बिजली बिल जनरेट होगा। अधिक जानकारी के लिए 1912 पर संपर्क किया जा सकता है। बिजली उपभोक्ता स्मार्ट बिजली एप को गूगल प्ले स्टोर से भी डाउनलोड कर सकते हैं तथा एप में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का उपयोग कर बिजली संबंधी किसी भी समस्या का निराकरण भी करवा सकते हैं।

# चहेतों को लाभ पहुंचाने पात्रों को किया अपात्र

**शिकायतों के बाद जांच करने पहुंचे अधिकारी, अपात्रों ने लगाए रोजगार सहायक पर गंभीर पर आरोप**

**प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़झाला, ग्राम पंचायत बिलहरी का मामला**

**कटनी।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले में कहीं पात्रों को अपात्र घोषित कर दिया गया है तो कहीं दूसरी किस्त का भुगतान करने में गड़बड़झाला किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला जनपद पंचायत रीठी के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलहरी में सामने आया है, जहां ग्राम रोजगार सहायक द्वारा करीब डेढ़ दर्जन लोगों को अपात्र घोषित कर दिया गया था। इस मामले की शिकायत कलेक्टर एवं जिला पंचायत के सीईओ से किए जाने के बाद अब मामले की जांच शुरू हो गई है। इस दौरान जांच दल के अधिकारियों ने अपात्र घोषित किए गए हितग्राहियों के घरों में जाकर जांच की और उनके बयान दर्ज किए।

कई लोगों ने ग्राम रोजगार सहायक पर आरोप भी लगाए हैं। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार द्वारा गरीबों को पक्का आवास प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री आवास योजना लागू की है। इस योजना का लाभ शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले ऐसे लोगों को दिया जाता है, जिनके पास रहने के लिए पक्के मकान नहीं है लेकिन जिम्मेदारों ने इस योजना को कमाई का जरिया बनाकर रख दिया गया है। रूपए नहीं मिलने पर पात्रों को अपात्र भी घोषित कर दिया गया है।





### डेढ़ दर्जन से ज्यादा लोगों को किया था अपात्र

बताया जाता है कि ग्राम पंचायत बिलहरी द्वारा डेढ़ दर्जन लोगों को अपात्र घोषित किया गया था। जिसकी शिकायत उपसरपंच विनोद शंकर शर्मा एवं पंच मदन चौरसिया द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों से की गई थी। पात्र हितग्राहियों को अपात्र करने की शिकायतें किए जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा इस पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही थी। पिछले कई महीनों से समाचार पत्रों में यह मुद्दा लगातार सुर्खियों में बना हुआ था। अंततः प्रशासन कुम्भकर्णी नींद से जागा और पूरे मामले की सत्यता पता लगाने के लिए जांच दल का गठन किया। जांच दल को मौके पर जाकर वस्तु स्थिति का पता लगाने के निर्देश दिए गए। निर्देशों के बाद मंगलवार को दल जांच करने बिलहरी पहुंचा।

### एक-एक घर में पहुंचकर की गई जांच

बताया जाता है कि जांच दल अधिकारी पंचायत इंस्पेक्टर एम एल कोल, पीएम आवास योजना के ब्लाक समन्वयक जिया लाल पांडेय, पी सीओ अशोक चक्रवर्ती, पीसीओ लक्ष्मी नारायण मिश्र ने ग्राम बिलहरी में एक-एक घर में जाकर अपात्र किए गए हितग्राहियों से बात की। इस दौरान बिंदुवार हर मापदंडों पर जांच की गई, जिसमे वास्तविकता को जांच दल ने देखा। जाचं में यह बात सामने आई है कि ग्राम पंचायत बिलहरी के सचिव द्वारा पात्रों को नियमविरुद्ध तरीके से अपात्र किया गया है। चहेतों को आवास का लाभ दिलाने दर्जनों पात्र हितग्राहियों को रोजगार सहायक रामरतन यादव ने अपात्र कर दिया था। शिकायतकर्ताओं ने सचिव पर पैसे लेने के भी आरोप लगाए हैं।

### सचिव की बजाए रोजगार सहायक के पास वित्तीय अधिकार

एक जानकारी में यह भी बताया गया है कि ग्राम पंचायत बिलहरी में पदस्थ सचिव रंजीता तिवारी के पास वित्तीय अधिकार नहीं है। रीठी सीईओ द्वारा वित्तीय अधिकार ग्राम रोजगार सहायक रामरतन यादव को दिए गए हैं, जिस पर ग्रामीणों ने रिश्वत लिए जाने और पात्रों को अपात्र करने के आरोप लगाए हैं। बताया जाता है कि सचिव रंजीता तिवारी को अनुकंपा नियुक्ति मिली है। उनकी पोस्टिंग बिलहरी में की गई है लेकिन सचिव का पूरा काम ग्राम रोजगार सहायक रामरतन यादव ही देखता है।

### मामले पर पर्दा डालते दिखे आवास योजना अधिकारी

इस पूरे घटनाक्रम के दौरान आवास योजना के अधिकारी जे पी पांडे से जब आवास योजना में सचिव द्वारा हितग्राहियों से राशि लिए जाने के संबंध में जानकारी मांगी गई तो वह सचिव द्वारा की गई काली करतूतों को बचाते नजर आए, जबकि हितग्राहियों ने आवास दिलाने जीआरएस रामरतन यादव द्वारा पैसे लिए जाने के आरोप अपनी लिखित शिकायत में लगाये हैं। शिकायतों की जांच के बाद अब सीईओ द्वारा ही इस मामले में आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### इनका कहना है

शिकायतें सही पाई गई हैं, जिसके आधार पर जांच प्रतिवेदन बना लिया गया हैं। जांच प्रतिवेदन जनपद पंचायत सीईओ को सौंपा जाएगा। जांच प्रतिवेदन के आधार पर रीठी सीईओ के निर्णय उपरांत न्यायिक कार्यवाही नियमानुसार अवश्य की जाएगी।

**-एम एल कोल,**
पंचायत इंस्पेक्टर



# एक साथ फंदे पर झूलते मिले युवक-युवती के शव

## विजयराघवगढ़ के ग्राम घुघरी में घटना से सनसनी

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम घुघरी के ककरी टोला में 19 वर्षीय हमउम्र युवक-युवती के द्वारा एक साथ फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। दोनों के शव एक साथ पेड़ के सहारे फंदे पर लटकते हुए बरामद किए गए हैं। पुलिस मामले को प्रेमप्रसंग से जोड़ कर मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर ने बताया कि ग्राम घुघरी के ककरी टोला में पेड़ के सहारे एक युवक व युवती का शव फंदे पर लटकता देख लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फंदे से दोनों शव नीचे उतार कर उनकी शिनाख्तगी के प्रयास किए। जिसमें पुलिस को सफलता मिल गई। युवती की पहचान ग्राम घुघरी निवासी 19 वर्षीय सुकरानी पिता इंदल सिंह के रूप में की गई जबकि युवक की पहचान बरही थाना अंतर्गत ग्राम मचमचा निवासी 19 वर्षीय बाली पिता लाल सिंह गौड़ के रूप में की गई। पुलिस ने दोनों का शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### प्रेमप्रंसग से जुड़ा है मामला

एक जानकारी में विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर ने बताया कि यह मामला प्रथमद्रष्टया ही प्रेमप्रसंग से जुड़ा हुआ है क्योंकि युवक-युवती के हाथों में एक-दूसरे के नाम लिखे हुए थे। श्रीबारस्कर ने बताया कि बाली की सगी बहन की शादी ग्राम घुघरी में हुई है तथा बहन की ससुराल के बाजू से ही युवती सुकरानी का मकान है। बहन के यहां आने-जाने के दौरान ही बाली व सुकरानी में प्रेमप्रसंग स्थापित हो गए। जिसमें सफल न होने पर दोनों ने एक साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### 5 जून को थी युवती की शादी

उधर एक जानकारी में यह भी पता चला कि युवती सुकरानी का विवाह 5 जून को होना था। घर वालों ने विवाह की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली थी लेकिन किसी दूसरे युवक के साथ सात फेरे लेने की बजाय सुकरानी ने अपने प्रेमी को घुघरी बुलाकर उसके साथ आत्महत्या करने का रास्ता चुन लिया।

# युवती की शिकायत के बाद स्पा सेंटर में पुलिस की रेड

**हिरासत में लिए गए संचालक व कारोबारी**

**कटनी।** मंगलवार की रात एक युवती की गंभीर शिकायत पर पुलिस ने माधवनगर थाना क्षेत्र में संचालित स्पा सेंटर में दबिश दी। युवती ने पुलिस को की गई शिकायत में चौकाने वाला खुलासा किया है। मां और पिता ने बेटी पर दबाव डालकर देह व्यापार में धकेल दिया थाए इतना ही नहीं पिता ने भी उसके साथ ज्याजदती कर चुका है। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने बताया कि कानपुर की रहने वाली एक युवती कुछ माह पहले मां व सौतेले पिता के साथ कटनी में आकर रहने लगे थे। मां स्पा सेंटर में काम करती थी। वहां पर बेटी को भी ले जाने लगी और देह व्यापार में धकेल दिया। अहमदाबाद, कानपुर, इलाहाबाद सहित कई शहरों में रहते हुए बेटी को गलत काम में धकेलने दबावा डाला। कानपुर में सौतेला पिता ने भी उसके साथ गलत हरकत की ऐसा बेटी ने आरोप लगाया है। अक्टूबर माह में कटनी में थी तो स्पा सेंटर में मां ले जाकर रुपये लेते हुए बेटी के साथ गलत काम कराया। जनवरी माह में मां-बाप कानपुर चले गए। कुछ दिनों बाद बेटी को बुला लिया। बताया जा रहा है कि जब युवती कटनी में थी तो एक युवक से उसकी दोस्ती हो गई। बातचीत होने लगी। युवक की नजदीकियां बढ़ी तो माता-पिता को रास नहीं आया और दोनों को धमकी देने लगे। परेशान होकर युवती ने महिला थाने में शिकायत की। जिसके बाद मंगलवार रात पुलिस ने स्पा सेंटर में दबिश देकर मामले की जांच शुरू की है। संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस मामले में माता-पिता की भी पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। महिला पुलिस ने स्पा सेंटर से कुछ और युवक युवतियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।


**माता-पिता पर देह व्यापार में धकेलने का आरोप**






# आज भी पड़ सकती हैं तेज बौछारें

**कटनी।** उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश पर वर्तमान में एक ऊपरी हवा का चक्रवात बना हुआ है। इसके अतिरिक्त अरब सागर से लेकर मध्य महाराष्ट्र तक एक द्रोणिका लाइन (ट्रफ) बनी हुई है। इस वजह से अरब सागर से लगातार आद्रता आ रही है। इसके चलते रोज शाम को गरज चमक के साथ बरसात के हालात बन रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार की शाम को भी दिन भर की उमस के बाद जोरदार बारिश हुई। जिसके कारण रात के समय मौसम सुहाना हो गया। मौसम विभाग ने आज बुधवार तेज बौछारें पड़ने की संभावना जताई है।



### सुबह तीखी धूप, दोपहर में छाने लगते हैं बादल

शहर में सुबह के समय आसमान साफ रहने से धूप निकलती है। धूप में चुभन के साथ वातावरण में नमी मौजूद रहने के कारण उमस भी महसूस होने लगती है। दोपहर बाद तापमान बढ़ा हुआ रहने के कारण गरज-चमक की स्थिति बनने लगती है।

### तीन वेदर सिस्टम हैं सक्रिय

मौसम विभाग ने बताया कि मप्र पर बने ऊपरी हवा के चक्रवात और अरब सागर से महाराष्ट्र तक एक ट्रफ बना हुआ है। इसके साथ ही एक पश्चिमी विक्षोभ भी हिमालय क्षेत्र में सक्रिय है। इन तीन वेदर सिस्टम के सक्रिय रहने के कारण मप्र में हवाओं के साथ लगातार नमी आ रही है। इससे गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ी रही हैं। इसी क्रम में बुधवार को भी तेज बौछारें पड़ने के आसार हैं तथा कहीं-कहीं झमाझम बारिश भी हो सकती है। इससे अधिकतम तापमान में गिरावट भी होगी।

# कई वार्डों में आज नहीं हुई जलापूर्ति

## शिकायत के 4 घंटे बाद आया टेंकर, नई बस्ती में परेशान हुए लोग

**कटनी।** शहर में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। स्थिति यह हो गई है कि सुबह निर्धारित समय पर नल ही नहीं आ रहे हैं। नगर निगम की लचर कार्यप्रणाली का खामियाजा शहर के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। आज सुबह शहर के कई वार्डों में सुबह 7 बजे की बजाए 8 बजे से जलापूर्ति की गई तो कई वार्डों में दोपहर तक नल ही नही आए। नई बस्ती सोंधिया गली में रोज सुबह 7 बजे जलापूर्ति की जाती है लेकिन सुबह 9 बजे तक जब नल नहीं आए तब क्षेत्र के नागरिकों ने नगर निगम कंट्रोल रूम में फोन लगाया लेकिन काफी देर तक फोन लगाने के बाद भी किसी ने फोन रिसीव नहीं किया। क्षेत्र के नागरिक बाबू भैया सोंधिया ने बताया कि नल नहीं आने की वजह से क्षेत्र के लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। गर्मी के मौसम में जब लोगों को पानी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, तब नगर निगम का रवैया गैर जिम्मेदाराना बना हुआ है। उन्होंने बताया कि सुबह 9 बजे जब नगर निगम के अधिकारियों को जब इस समस्या से अवगत कराया गया तो उनके द्वारा टेंकर भेजने की बात कही गई लेकिन दोपहर 1 बजे तक टेंकर आया। टेंकर आने के बाद लोगो को राहत मिली।










स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी* । फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)